प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 15.07.2024

स्वॉट टीम ट्रांस हिंडन व थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वाँछित 25,000/- रुपये का इनामी एक अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 15.07.2024 को स्वॉट टीम ट्रांस हिंडन व थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा थाना कौशाम्बी पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोग में वाँछित 25,000/- रु पये के इनामी अभियुक्त बिल्लू उर्फ सतवीर पुत्र करन सिंह निवासी - गली नं0 6 गीतांजली विहार, बुद्ध विहार थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष को मुखविर की सूचना के आधार पर खेरली नहर पुल तिराहा के पास थाना दनकौर, जनपद गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अपने अन्य गैंग के साथियों के साथ मिलकर अपने आर्थिक लाभ हेतु लूट व चोरी जैसे जघन्य अपराध करके अवैध धन अर्जित करता था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

बिल्लू उर्फ सतवीर पुत्र करन सिंह निवासी- गली नं 0 6 गीतांजली विहार, बुद्ध विहार थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष।

गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास

गिरफ्तार अभियुक्त बिल्लू उर्फ सतवीर पुत्र करन सिंह उपरोक्त के विरुध्द थाना कौशाम्बी पर गैंगस्टर एक्ट का 01 अभियोग व लूट व चोरी से सम्बन्धित 03 अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

स्वाट टीम ट्रांस हिंडन व थाना कौशाम्बी पुलिस